RNI Title-Code :- RAJBIL27027

www.nagaurdaily.com

Email. nagaurdaily0@gmail.com

# नागौर डेली न्यूज

नागौर, कुचामनसिटी, डीडवाना, मकराना, परबतसर, जायल मेड़तासिटी, खींवसर, डेगाना व नावां से एक साथ प्रकाशित

अहसास बदलाव का...

वर्ष: 1 | अंक 202 | नागौर, 24 जून, 2022 (शुक्रवार) | मूल्य 5 रुपया | पृष्ठ 4 | E-Edition

Maharashtra Political Crisis:

## सरकार बचाने के लिए करेंगे सारे प्रयत्न, बहुमत का फैसला सदन में होगा : शरद पवार

मुंबई।



संकट में चल रही महाविकास आघाड़ी (एमवीए) सरकार एवं शिवसेना को टूट से बचाने के लिए राकांपा प्रमुख शरद पवार ने भी देर शाम प्रेस से बात करते हुए कहा कि सरकार बचाने के लिए सारे प्रयत्न किए जाएंगे। सदन में बहुमत है कि नहीं, इसका फैसला तो विधानसभा में ही होगा। जब प्रक्रियाओं का पालन किया जाएगा तो यह साबित हो जाएगा कि यह सरकार बहुमत में है। उन्होंने कहा कि हमने कई बार महाराष्ट्र में ऐसे हालात देखे हैं। मैं अपने अनुभव से कह सकता हूं कि हम इस संकट को हरा देंगे और उद्धव ठाकरे के नेतृत्व में सरकार सुचारू रूप से चलेगी।

शरद पवार का यह भी भरोसा है कि फिलहाल गुवाहाटी में बैठे शिवसेना के बागी विधायक यदि एक बार मुंबई आ गए तो उन्हें वापस शिवसेना में लाना भी ज्यादा मुश्किल नहीं होगा। उधर, बागी विधायकों को वापस लाने के लिए शिवसेना नया दांव खेलती दिखाई दे रही है। उसने बागी विधायकों का आह्वान किया है कि यदि वे 24 घंटे के अंदर मुंबई आकर उद्धव ठाकरे के सामने अपनी बात रखते हैं, तो पार्टी एमवीए गठबंधन से बाहर आने पर विचार कर सकती है। दूसरी ओर एमवीए के दूसरे घटक दलों कांग्रेस और राकांपा ने मुख्यमंत्री के रूप में उद्धव ठाकरे को समर्थन जारी रखने का फैसला किया है।

### कांग्रेस ने कहा, एमवीए सरकार को जारी रहेगा हमारा समर्थन

कांग्रेस की ओर से भी करीब-करीब ऐसा ही बयान सामने आया है। कांग्रेस के वरिष्ठ मंत्री अशोक चह्वाण ने कहा है कि हमने 2019 में भाजपा को सत्ता में आने से रोकने के लिए न्यूनतम साझा कार्यक्रम के एजेंडे पर महाविकास आघाड़ी सरकार बनाई थी। हम आज भी अपने उस निर्णय पर कायम हैं, और एमवीए सरकार को हमारा समर्थन जारी रहेगा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने भी कहा है कि भाजपा शिवसेना को तोड़कर एमवीए सरकार को अस्थिर करना चाहती है। हम इस मसले का हल निकालने की कोशिश कर रहे हैं। हमारा समर्थन एमवीए सरकार को जारी रहेगा।

कांग्रेस और राकांपा बाहर से दे सकते हैं समर्थन

इस प्रकार संजय राउत का बयान आने के बाद दिया गया कांग्रेस और राकांपा नेताओं का बयान दर्शाता है कि जरूरत पड़ने पर कांग्रेस और राकांपा शिवसेना सरकार को बाहर से भी समर्थन दे सकते हैं। माना जा रहा है कि शिवसेना, राकांपा और कांग्रेस यह नया दांव खेलकर महाराष्ट्र की जनता को संदेश देना चाहते हैं कि शिवसेना महाविकास आघाड़ी से बाहर भी निकलने को तैयार है। ताकि बागी विधायकों का नेतृत्व कर रहे एकनाथ शिंदे पर शिवसेना समर्थक मराठी जनमानस का भी दबाव बनाया जा सके। दूसरी ओर एकनाथ शिंदे की ओर से शिवसेना के 37 विधायकों के अपने साथ होने की बात कही गई है।

## शिंदे बागियों से बीजेपी का नाम लिए बगैर बोले- महाशक्ति हमारे साथ



महाराष्ट्र में चल रहे राजनीतिक संकट के बीच शिवसेना के बागी विधायकों के नेता एकनाथ शिंदे का एक वीडियो सामने आया है। इसमें शिंदे तमाम विधायकों के साथ बातचीत कर रहे हैं। यहां शिंदे ने विधायकों से कहा कि हमारे हर निर्णय के साथ एक महाशक्ति, राष्ट्रीय दल खड़ा है। एकनाथ का इशारा भाजपा की ओर था।

इधररेडिसन होटल में 7 लोग और पहुंचे हैं। इनमें दो एमएलए और 1 एमएलसी हैं। बाकी इनमें स्टाफ हैं। बताया जा रहा है कि बागी विधायकों की संख्या और बढ़ सकती है।

वहीं, शिवसेना के नवनियुक्त विधायक दल के नेता अजय चौधरी ने महाराष्ट्र विधानसभा के उपाध्यक्ष को पत्र लिखकर उन विधायकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है जो बुधवार को हुई विधायक दल की बैठक में शामिल नहीं हुए थे।

### शिंदे की बगावत के बाद एक्शन में आई बीजेपी : वरिष्ठ नेताओं संग मंत्रणा करने देवेन्द्र फडणवीस

इस वक्त महाराष्ट्र की राजनीति में जबरदस्त खलबली मची हुई है। महाविकास अघाड़ी की सरकार खतरे में है। इस राजनीतिक संकट के पीछे कोई और नहीं बल्कि ठाकरे परिवार के सबसे करीबियों में से एक एकनाथ शिंदे हैं। महाराष्ट्र में जारी सियासी उठापटक के बीच मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने शाम 7 बजे जिला स्तरीय नेताओं (विभाग प्रमुखों) की बैठक बुलाई है। पूरे सियासी खेल में बीजेपी की वेट एंड वॉच नीति की भी खूब चर्चा हो रही है। कहने के लिए तो पर्दे के पीछे सारा खेल बीजेपी द्वारा रचे जाने, मेजबानी के लिए उसके ही शासित राज्य का चुने जाने की वजहें भी गिनाई जा रही है। लेकिन पिछले बार की तरह बीजेपी सरकार बनाने की जल्दबाजी में इस बार नहीं दिख रही है। महाराष्ट्र में जारी सियासी उठापटक के बीच पूर्व सीएम देवेंद्र फडणवीस दिल्ली के लिए रवाना हो गए हैं। वे यहां भाजपा के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात करेंगे।

14वां ब्रिक्स शिखर सम्मेलन

## इस संस्थान का बढ़ा प्रभाव, हमारे सहयोग से नागरिकों को हुआ फायदा : पीएम मोदी




नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज ब्रिक्स देशों के सम्मेलन में वर्चुअल रूप से शामिल हुए। इस बैठक की अध्यक्षता चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग कर रहे हैं। ब्रिक्स देशों की बैठक में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अलावा दक्षिण अफ्रीका और ब्राजील के भी राष्ट्राध्यक्ष शामिल हुए। इस बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि वैश्विक स्तर पर कोरोना महामारी का प्रकोप पहले की तुलना में कम हुआ है लेकिन इसके अनेक दुष्प्रभाव अभी भी वैश्विक अर्थव्यवस्था में दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था की शासन के बारे में हम ब्रिक्स सदस्य देशों का नज़रिया काफ़ी समान रहा है और इसलिए हमारा आपसी सहयोग वैश्विक पोस्ट-कोविड रिकवरी में उपयोगी योगदान दे सकता है।

14वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में मोदी ने कहा कि पिछले सालों में हमने ब्रिक्स में कई संस्थागत सुधार किए हैं जिससे इस संगठन की प्रभावशीलता बढ़ी है। हमारी न्यू डेवलपमेंट बैंक की सदस्यता में भी वृद्धि हुई है। ऐसे कई क्षेत्र हैं जहां हमारे आपसी सहयोग से हमारे नागरिकों के जीवन को सीधा लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि खुशी की बात है कि ब्रिक्स के न्यू डेवलपमेंट बैंक की सदस्यता बढ़ी है। कई क्षेत्रों में हमारे सहयोग से हमारे नागरिकों को फायदा हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि इस साल भारतीय अर्थव्यवस्था के 7.5 प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद है और यह इसे सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बनाएगी। मोदी ने ब्रिक्स बिजनेस फोरम को 'वीडियो कॉन्फ्रेंस' के जरिए संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय डिजिटल अर्थव्यवस्था का आकार 2025 तक 1,000 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच जाएगा।




## देशभर में 13,195 नए कोरोना केस मिले केरल में सबसे ज्यादा केस और मौतें

नई दिल्ली.

देश में कोरोना केस में फिर से बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। पिछले 24 घंटे में 13,195 नए केस मिले हैं। कोरोना से मौतों का आंकड़ा पिछले दिन के मुकाबले लगभग 3 गुना बढ़ गया है। बुधवार को कोरोना ने 38 लोगों की जान ली है, जबकि मंगलवार को 13 लोगों की मौत हुई थी। देश में इलाज करा रहे मरीजों की संख्या 82,550 हो गई है, मंगलवार को इसका आंकड़ा 81,687 था। ठीक होने वालों की संख्या 10,910 दर्ज की गई है। देशभर में सबसे ज्यादा मामले और मौतें केरल में हुई हैं। पिछले 24 घंटे में यहां 4,224 केस दर्ज किए गए हैं और 20 लोगों की मौत हुई है। राज्य में एक्टिव केस 24,333 हैं। ठीक होने वाले मरीजों की संख्या 2,464 है और पॉजिटिविटी रेट घटकर 16.69% हो गया है। मंगलवार को केरल में 2,609 मामले आए थे और पॉजिटिविटी रेट 17.76% पाया गया था।

## नेशनल हेराल्ड मामला: ईडी ने सोनिया गांधी को जुलाई के आखिरी में पेश होने के लिए कहा

**नई दिल्ली।** नेशनल हेराल्ड केस के कथित मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच कर रहा प्रवर्तन निदेशालय ने कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी जुलाई महीने के आखिरी में किसी भी समय पेश होकर अपना बयान दर्ज कराने को कहा है। सोनिया गांधी ने अपनी खराब सेहत की वजह से ईडी से आग्रह किया था कि उनकी पेशी की तारीख कुछ सप्ताह के लिए आगे बढ़ा दी जाए। ईडी ने उनके इस आग्रह को स्वीकार कर लिया। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को आज यानी 23 जून को पेश होना था।

## प्रदेश में अगले 3 दिन और सताएगी गर्मी, फिर होगी बारिश

### 27 से एक्टिव होगा मानसून 6 जिलों में पारा 40 के पार

जयपुर.



बीते डेढ़ सप्ताह से चल रहा बारिश का दौर गुरुवार को पूरी तरह से थमता नजर आया। इसी के साथ पारा बढ़ा और गर्मी ने एक बार फिर राजस्थानवासियों को बेहाल कर दिया। सिरोही, जालोर, बांसवाड़ा समेत 6 जिलों में दिन का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर चला गया। मौसम विशेषज्ञों की मानें तो अगले 3 दिन तक इसी तरह गर्मी सताएगी। 27 जून के आस-पास मानसून के एक्टिव होने की संभावनाएं दिख रही हैं।

**माउंट आबू में बारिश**-स्थानीय रिपोर्ट के मुताबिक, गुरुवार को माउंट आबू (सिरोही) में दोपहर बाद मौसम में बदलाव हुआ और हल्की बारिश हुई। सिरोही जिले के अन्य इलाकों में गर्मी के तेवर तेज रहे। यहां बुधवार के मुकाबले दिन का अधिकतम तापमान 7.9 डिग्री सेल्सियस चढ़कर 43.8 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। जालोर में 5 और नागौर के तापमान में 4.3 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हुई। डूंगरपुर, बांसवाड़ा, चित्तौड़गढ़ में दिनभर गर्मी रहने के बाद देर शाम मौसम ने करवट ली। यहां बादल छाने के साथ ही ठंडी हवाएं चलनी शुरू हो गईं।

**उमस ने किया परेशान**-जयपुर, अजमेर, भरतपुर, बीकानेर संभाग के जिलों में आज मौसम शुष्क रहा। राजधानी में उमस ने परेशान किया। तापमान भी बुधवार के मुकाबले 1.5 डिग्री बढ़कर 37.6 डिग्री सेल्सियस पर दर्ज हुआ। जयपुर के अलावा अजमेर, भीलवाड़ा, पिलानी, सीकर, बाड़मेर, जोधपुर, बीकानेर, चूरू, गंगानगर, धौलपुर, बारां और सवाई माधोपुर जिलों के तापमान में 1 से 3 डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी हुई।

**अब आगे क्या?**-जयपुर मौसम केन्द्र से मिली रिपोर्ट के मुताबिक, अगले चार दिनों तक उत्तर और पश्चिम राजस्थान के बीकानेर, गंगानगर, हनुमानगढ़, जैसलमेर, बाड़मेर, नागौर, जोधपुर और जालोर जिलों के तापमान में बढ़ोतरी हो सकती है। यहां पश्चिमी हवाओं का असर भी रह सकता है। 27-28 जून से कोटा, बारां, झालावाड़, उदयपुर, डूंगरपुर, बांसवाड़ा एरिया में कहीं-कहीं छुटपुट स्थानों पर बादल गरजने साथ हल्की बारिश होने की संभावना है।

## अपराध : शादी में जा रहे दो युवकों पर चाकू से हमला, एक की मौत, एक घायल

- कुचेरा पुलिस ने 24 घंटे के भीतर आरोपी को पकड़ा में

अ.रहमान देवड़ा



**कुचेरा( नागौर डेली न्यूज )।** शादी में जा रहे 2 युवकों पर एक हमलावर ने चाकू से हमला कर दिया। इसमें जहाँ एक युवक की मौत हो गयी वहीं एक घायल है।

नागौर एसपी राममूर्ति जोशी ने विजयकुमार सांखला वृताधिकारी मूण्डवा के निकटतम सुपरविजन में राजपालसिंह उनि थानाधिकारी कुचेरा मय जाप्ता टीम तैयार कर आरोपी के पीछे लगाई। थाना कुचेरा में त्वरित कार्यवाही करते हुए मुख्य आरोपी रामप्रसाद चोटिया उर्फ पुटिया 24 घन्टे के भीतर डिटेन किया गया। कुचेरा पुलिस थाना क्षेत्र खजवाना मृतक के चाचा कमलेश पुत्र सुखराम जाति जाट निवासी खजवाना ने रिपोर्ट दी कि मेरा भतीजा बलवीर पुत्र सुरेश व उसके साथ मुकेश पुत्र रामप्रकाश जाट निवासी खजवाना दोनों ही बुधवार रात्रि को रुपाराम की ढाणी पर शादी में जा रहे थे। रात के करीब 11.30 बजे ज्योंहि बलवीर की मोटरसाईकिल खजवाना बाईपास के पास पहुंची, उस वक्त बाईपास के पास पहले से ही खड़ा रामप्रसाद पुत्र गुमानाराम जाट चोटिया निवासी खजवाना अचानक मेरे भतीजे की मोटरसाईकिल के आड़े फिर कर मोटरसाईकिल रुकवाई। मेरे भतीजे ने मोटरसाईकिल को रोका तो रामप्रसाद ने मेरे भतीजे बलवीर को जान से मारने की नियत से उस पर छुर्री से सिने पर वार किया, जिससे बलवीर के गहरी चोट लगी, जिससे बलवीर मोटरसाईकिल से नीचे गिर गया व दूसरा वार बलवीर की पीठ पर लगा। मुकेश बीच - बचाव करने लगा तो मुकेश को भी जान से मारने की नियत से उस पर छुर्रे से वार किया। तब मुकेश ने अपना हाथ आगे कर दिया जिससे उसके हाथ पर लगी व दूसरा वार मुकेश की जांघ पर लगा तभी वहां से गुजर रहे नरेश पुत्र रामरतन निवासी खजवाना व और भी कई व्यक्ति इकट्ठे हो गये, जिनको देखकर रामप्रसाद अपनी मोटरसाईकिल लेकर भाग गया।



# सम्पादकीय

## सत्ता का संकट

महाराष्ट्र में आए सियासी भूचाल से उद्धव ठाकरे सरकार एक बार फिर मुश्किल में घिर गई है। अबकी बार संकट शिवसेना विधायक दल के नेता और नगर विकास मंत्री एकनाथ शिंदे ने खड़ा किया है। अभी शिवसेना के बत्तीस विधायकों को लेकर वे गुवाहाटी में सुरक्षित डेरा डाले हुए हैं। शिंदे की मांग है कि उद्धव अब कांग्रेस और राकांपा का साथ छोड़ें और भारतीय जनता पार्टी के साथ मिल कर सरकार बनाएं। गौरतलब है कि ये वही एकनाथ शिंदे हैं जो हाल तक उद्धव ठाकरे के बेहद करीबी बने हुए थे। अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि महाविकास आघाडी सरकार कितने दिन टिक पाएगी? एकाध या कुछ विधायक होते तो समझ आता, लेकिन पचपन में से बत्तीस विधायक अगर शिंदे के खेमे हैं तो इसका मतलब साफ है। बल्कि शिंदे तो छियालीस विधायकों के समर्थन का दावा कर रहे हैं। अगर इतने सारे विधायकों को लेकर शिंदे दलबदल कर भाजपा में शामिल हो गए, जिसकी सबसे ज्यादा चर्चा भी हैं, तो उद्धव ठाकरे कर क्या करेंगे? या शिंदे अपने समर्थक विधायकों के साथ इस्तीफा दे देते हैं तब भी सरकार अल्पमत में तो आ ही जाएगी। जाहिर है, इस बार संकट कहीं ज्यादा बड़ा है।

अगर मौजूदा संकट को शिवसेना के अंदरूनी मामले के संदर्भ में ही देखा जाए तो इसका मतलब यह है कि शिवसेना पर उद्धव ठाकरे की पकड़ कमजोर पड़ने लगी है। ताजा घटनाक्रम से लग रहा है कि पार्टी पर उनका नियंत्रण नहीं रह गया है। वरना कैसे विधायक मुंबई से वाया सूरत गुवाहाटी पहुंचते रहे और उद्धव को पार्टी के भीतर खदक रही इस खिचड़ी के बारे में हवा तक नहीं लगी। आखिर यह सब एक दिन में तो हो नहीं गया होगा! यह कवायद लंबे समय से चल रही होगी। यानी मुख्यमंत्री और शिवसेना का खुफिया तंत्र नाकाम रहा इन सब चीजों को भांपने में! एकनाथ शिंदे भले शिवसेना को नुकसान न पहुंचाने की बात कह रहे हों, लेकिन उन्होंने पिछले दो दिनों में जितना और जो कर दिखाया है, उससे ज्यादा वे शिवसेना को और नुकसान क्या पहुंचाएंगे? सत्ता हासिल करने के लिए पार्टियां जिस तरह के हथकंडे अपनाती रही हैं, उनसे लोकतंत्र को भारी नुकसान पहुंचा है। मामला सिर्फ महाराष्ट्र या शिवसेना तक ही सीमित नहीं है। मध्य प्रदेश का उदाहरण तो कोई बहुत पुराना नहीं है। विधायकों को तोड़ने और बहुमत जुटाने के लिए पार्टियां क्या-क्या नहीं कर डालतीं, यह अब छिपा नहीं रह गया है। सवाल है कि आखिर क्यों शिंदे भाजपा के साथ गठजोड़ करने पर जोर डाल रहे हैं?

अभी ही उनकी अतंरात्मा क्यों जागी? यह सवाल भी उठता ही है कि विधायकों को अपने पाले में सुरक्षित रखने के लिए विमानों से एक जगह से दूसरी जगह लाने-ले जाने, महंगे रिजार्टों में रखने और उनकी सुख-सुविधाओं पर भारी-भरकम खर्च के लिए पैसा कहां से आता है? हाल में राज्यसभा चुनावों के दौरान भी पार्टियां विधायकों को बाड़ाबंदी में रखने के लिए पानी की तरह पैसा बहाती दिखीं।

हालांकि यह सब नया नहीं है, पहले से चलता आ रहा है। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में राजनीति में ऐसा चलन ज्यादा ही बढ़ गया है। जिन राज्यों की माली हालत संतोषजनक नहीं है, जो कोविड महामारी की मार से उबरे भी नहीं हैं, लोग गरीबी में जीने को मजबूर हों, वहां सत्ता के नुमाइंदों पर इस तरह पैसा बहा कर सरकारें गिराने और बनाने के खेल चलते रहें तो इससे ज्यादा शर्म की बात और क्या हो सकती है?

## नशों से मुक्ति पाने में परिवार और समुदाय की भूमिका

**अवैध ड्रग्स का प्रयोग अक्सर 15 से 75 वर्ष की आयु वर्ग के द्वारा किया जाता है। आज तक डॉट इन के अनुसार, 'भारत में 2018 में दर्ज किया गया कि ओपिओइड का इस्तेमाल करने वालों की संख्या करीब 2.3 करोड़ है। यह संख्या 14 सालों में 5 गुना बढ़ी है। इस दौरान हैरोइन की खपत में अधिकतम वृद्धि दर्ज की गई। 2004 में अफीम का इस्तेमाल करने वालों की संख्या (20,000) हैरोइन लेने वालों की (9,000) की तुलना में दोगुनी थी। करीब 12 साल बाद यह रुझान उलट गया और हैरोइन यूजर्स की संख्या 2.5 लाख हो गई।' मादक पदार्थों का उपयोग अमीर परिवारों के युवाओं तथा ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों के अलावा महिलाओं और समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों द्वारा किया जाता है। ये लोग, ज्यादातर अमीरजादे, नशा करने के लिए बड़ी-बड़ी पार्टियों में हिस्सा लेते हैं, जिन्हें रेव पार्टी कहा जाता है। इन पार्टियों का आयोजन नाइट क्लबों, कैसीनो, क्रूजशिप, डैस्टिनेशन हिल स्टेशनों, फार्म हाऊस, होटलों आदि में किया जाता है, जहां धड़ल्ले से गैर-कानूनी ड्रग्स का धंधा किया जाता है। ये पार्टियां बहुत गुपचुप तरीके से आयोजित की जाती हैं तथा इनमें जाने के लिए सीक्रेट कोड वर्ड रखे जाते हैं। इनकी बुकिंग ज्यादातर ऑनलाइन एक सीक्रेट तरीके से होती है।**



**नशीली** दवाओं के दुरुपयोग से आज पूरा विश्व चिंतित व प्रभावित है और जहां तक भारत का प्रश्न है, यहां यह समस्या गंभीर रूप धारण कर चुकी है। इसके दुष्प्रभाव से सरकार, समाज व आम आदमी परेशानी का सामना कर रहा है। नशे से ज्यादा प्रभावित राज्यों में मणिपुर, केरल, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश, गोवा, हिमाचल प्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, दिल्ली बिहार, हरियाणा तथा पंजाब शामिल हैं। नशेडियों को शारीरिक, मानसिक, सामाजिक तथा आर्थिक पहलुओं से भारी नुक्सान उठाना पड़ता है फिर भी वे इस लत से छुटकारा नहीं पाना चाहते।

प्रभाव : इनके इस्तेमाल से शारीरिक कमजोरी बढ़ती है, सस्ते नशे की वजह से कैंसर जैसी भयानक बीमारी का सामना करना पड़ता है, दिल का दौरा, अस्थमा, लिवर सिरोसिस, तनाव, मानसिक रोग, सांस में दिक्कत तथा फेफड़ों की समस्या, हड्डियों की कमजोरी, स्ट्रोक, शरीर में समन्वय में कमी, पागलपन, उल्टी, भ्रम, ध्यान केंद्रित करने या याद रखने में कठिनाई, हृदय गति और रक्तचाप में वृद्धि, स्पष्ट रूप से सोचने में समस्याएं, दु:स्वप्न, प्रलाप, मानसिक और हिंसक व्यवहार, तालमेल की कमी, चिड़चिड़ापन या मूड में बदलाव, स्पष्ट रूप से सोचने में समस्या, स्मृति समस्याएं, चक्कर आना, अत्यधिक आत्मविश्वास की भावना, बेचैनी, व्यवहार में बदलाव या आक्रामकता, वजन में कमी, अनिद्रा, मांसपेशियों में ऐंठन, चेतना में कमी, आत्मघाती प्रवृत्ति, बोलने में कठिनाई, डिप्रैशन, गुर्दे खराब होना, तंद्रा आदि।

इसके साथ-साथ नशेड़ी अक्सर झूठ बोलने लगते हैं, अपने परिवार, दोस्तों, रिश्तेदारों और समाज के अन्य वर्गों को धोखा देते हैं, चोरियां करने का प्रयास करते हैं, लूटपाट, ठगी, धोखाधड़ी और डाके मारते हैं तथा नशे के पैसे जुटाने के लिए घर का सामान बेच डालते हैं। ड्रग्स से पीछा छुड़ाना आसान कार्य नहीं है। बल्कि कई बार तो यह इतना खतरनाक होता है कि अगर इसकी लत को जबरदस्ती छुड़वाने की कोशिश की जाए तो यह नशेड़ी की मौत का कारण भी बन जाता है।

कारण : पारिवारिक इतिहास, मानसिक स्वास्थ्य विकार, साथियों व मित्रों का दबाव, परिवार की भागीदारी का अभाव, आनुवंशिक प्रवृत्ति, जिज्ञासा, कम आत्मसम्मान, तनाव प्रबंधन की कमी, थकान से राहत के लिए, वास्तविकता से बचने के लिए, मनोवैज्ञानिक परेशानी, शराब और नशीली दवाओं की आसान उपलब्धता, इलाज से जुड़ी समस्याएं, बेरोजगारी, अवसाद और मानसिक रोग, शैक्षणिक दबाव, माता-पिता के पास समय का अभाव, तनाव का सामना करने में असमर्थता, सामाजिक दबाव इत्यादि।

परिवार और समुदाय की भूमिका : नशा मुक्ति में परिवार की भूमिका अति आवश्यक तथा महत्वपूर्ण होती है। यदि परिवार अपने बच्चों की परवरिश करते समय उनकी ऐसी गतिविधियों पर नजर न रखें तो धीरे-धीरे वे बच्चे बुरी संगत में पड़ सकते हैं और छोटे-छोटे नशे करने का प्रयास करने लगते हैं, इसलिए परिवार को चाहिए कि वह शुरू से ही अपने बच्चों के साथ समय बिताएं तथा उन्हें अच्छे संस्कार दें। परिवार नशेड़ी सदस्य की प्रत्येक गतिविधि पर नजर रखे। सर्वप्रथम, उसके नजदीकी दोस्तों जिनके साथ मिलकर वह नशा करता है उनसे दूरी बनाने के प्रयास करने होंगे, जब कभी वे मिलने का प्रयास करें तो बहाना बनाकर टाला जाए ताकि उनका संपर्क टूट जाए। नशेड़ी को पैसे प्राप्त करने के सभी रास्ते बंद करने होंगे परंतु बोलचाल में उसके साथ अच्छा व्यवहार किया जाए।

इलाज में सहयोग किया जाए, अच्छे पड़ोसियों तथा रिश्तेदारों का सहयोग लेकर उनके सकारात्मक विचारों को नशेड़ी तक पहुंचाया जाए। किसी भी हालत में गाली-गलौच या झगड़े की नौबत न आने दी जाए, प्यार, हमदर्दी, स्नेह व सहानुभूति दिखाई जाए। जब कभी भी कोई प्रतिक्रिया हो उसे सकारात्मक तरीके से लें, किसी भी प्रकार के ड्रग्स को उसकी पहुंच से बाहर रखा जाए। यदि उसके पास मोबाइल हो तो उसे तुरंत प्रभाव से बंद करना चाहिए और घर में सुखद माहौल बनाने के लिए संतों, महात्माओं तथा महापुरुषों के विचार व वाणियों को उसे सुनाया जाए। पाठ-पूजा व धार्मिक कार्यों की तरफ उसका रुझान बढ़ाया जाए, जब कभी भी वह कोई अच्छा कार्य करे तो उसकी समय-समय पर सराहना या प्रशंसा की जाए। उसकी दिनचर्या को अनुशासित व नियमित करने के लिए कदम उठाए जाएं। आवश्यकता पडने पर उसे अच्छे नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती कराया जाए।

समुदाय की सक्रिय भूमिका नशों से निजात दिलवाने में जरूरी है क्योंकि इसमें समूह समाज, अधिकारी तथा कर्मचारी सभी शामिल हैं। सभी के साथ व सहयोग से नशे उपलब्ध कराने वालों पर सख्त नजर रखते हुए तुरंत कार्रवाई करवाने या करने में पूर्ण सहयोग देना चाहिए। स्वयंसेवी संगठनों, धार्मिक संस्थाओं, सिविल सोसायटियों, गैर-सरकारी संगठनों, पंचायतों व शहरी निकायों के प्रतिनिधियों, युवा क्लबों, विद्यार्थी संगठनों, शिक्षकों, आंगनबाड़ी कर्मचारियों, नेहरू युवा क्लबों, मानव कल्याण समितियों, खाप पंचायतों तथा सरकारी कर्मचारियों को नशा मुक्ति अभियान में तन, मन, धन से योगदान देना चाहिए। नशा के प्रयोग पर रोक लगाने के लिए जागरूकता पैदा करनी आवश्यक है। यह सुनिश्चित करना होगा कि इलाके में न कोई अपना न कोई अन्य व्यक्ति नशा ला सके, न उसे बेच सके और न ही उसका प्रयोग कर सके।-प्रो. मोहिन्द्र सिंह

# व्यापार समाचार

## पी-नोट के जरिये मई में निवेश घटकर 86,706 करोड़ रुपये पर

नई दिल्ली।

भारतीय पूंजी बाजार में पार्टिसिपेटरी नोट (पी-नोट्स) के जरिये निवेश मई, 2022 में मासिक आधार पर घटकर 86,706 करोड़ रुपये रह गया। विशेषज्ञों का कहना है कि विदेशी संस्थागत निवेशक आने वाली एक-दो तिमाहियों में अपने बिकवाली के रुख को बदलते हुए देश के शेयरों में वापस लिवाली करेंगे। पंजीकृत विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की तरफ से पी-नोट उन विदेशी निवेशकों को जारी किए जाते हैं, जो भारतीय शेयर बाजार में बिना पंजीकरण के निवेश करना चाहते हैं। हालांकि इसके लिए उन्हें पूरी जांच-परख की प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनियम बोर्ड (सेबी) के आंकड़ों के अनुसार, घरेलू बाजारों में पी-नोट के जरिये निवेश का मूल्य मई, 2022 के अंत मे 86,706 करोड़ रुपये रह गया, जो अप्रैल में 90,580 करोड़ रुपये था।

## नेक्सन इलेक्ट्रिक वाहन में आग लगने की घटना की जांच में जुटी टाटा मोटर्स

नई दिल्ली।




वाहन विनिर्माता टाटा मोटर्स ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह हाल ही में मुंबई में एक नेक्सन इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) में आग लगने की घटना की जांच कर रही है। टाटा मोटर्स ने एक बयान में कहा, हम, हाल ही में वाहन में आग लगने से संबंधित घटना के तथ्यों का पता लगाने के लिए गहराई से जांच कर रहे हैं। हम अपनी कार्रवाई पूरी होने के बाद ही इस संबंध में विस्तृत जानकारी साझा करेंगे। इलेक्ट्रिक वाहन में आग लगने की घटना को सोशल मीडिया मंच पर व्यापक रूप से साझा किये जाने के बीच कंपनी ने यह बयान जारी किया है।

कंपनी ने कहा कि हम अपने वाहनों और ग्राहकों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। वाहन विनिर्माता ने कहा, ''लगभग चार साल में यह पहली घटना है। इस दौरान अबतक 30,000 से अधिक इलेक्ट्रिक वाहनों ने पूरे देश में संयुक्त रूप से 10 लाख किलोमीटर से अधिक की दूरी तय की है।'' दोपहिया इलेक्ट्रिक वाहनों में बीते कुछ दिनों में आग लगने की कई घटनाएं सामने आई है। ओला इलेक्ट्रिक, ओकिनावा ऑटोटेक और प्योर ईवी जैसे कई इलेक्ट्रिक दोपहिया विनिर्माताओं ने इन घटनाओं के चलते अपने बिचली चालित वाहनों को वापस मंगाया है। सरकार ने भी इन घटनाओं के मद्देनजर जांच के लिए एक समिति गठित की है।









## आज का राशिफल

### मेष
आज वाणी पर संयम रखें। स्नेहीजनों के साथ किसी बात पर विवाद हो सकता है। आय की अपेक्षा व्यय अधिक रहेगा। किसी उलझन में दिन गुजरेगा। स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें। दोपहर के बाद का समय आपके लिए अनुकूल रहेगा।

### वृषभ
आज का दिन लाभ का बना हुआ है। व्यापार में आपको लाभ होगा। किसी बात को लेकर ज्यादा इमोशनल ना हों। कन्फ्यूजन दूर होगा। कानूनी विषयों में आपको बहुत सावधानी रखने की सलाह दी जाती है।

### मिथुन
आज का दिन लाभदायी है। नौकरी में अधिकारी आपके काम से खुश रह सकते हैं। व्यापार में भी आय बढ़ने की आशा है। पिता और बड़ों के आशीर्वाद से लाभ होगा। किसी सामाजिक प्रसंग में उपस्थित रहना पड़ सकता है।

### कर्क
अधिकारियों के साथ वाणी और व्यवहार में संभलकर चलें। शारीरिक रूप से अस्वस्थता और मानसिक चिंता बनी रहेगी। व्यापार में विघ्न आ सकता है। दोपहर के बाद व्यवसाय के क्षेत्र में आप के लिए परिस्थिति अनुकूल रहेगी।

### सिंह
आज क्रोध और वाणी पर संयम बरतने की सलाह आपको दी जाती है। मानसिक रूप से व्यग्रता बनी रहेगी। परिजनों के साथ विवाद हो सकता है। आध्यात्मिक काम में रुचि लेने से मन शांत रह सकता है।

### कन्या
आज का दिन सुख और शांतिपूर्वक गुजार सकेंगे। दैनिक कामों में कुछ ज्यादा ही व्यस्त रह सकते हैं। मन को प्रसन्न रखने के लिए आप मनोरंजन का सहारा लेंगे। दोस्तों के साथ बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है।

### तुला
आज आप व्यवसाय बढ़ाने का प्रयास करेंगे। रोजाना की आय बढ़ाने के आपके प्रयास सार्थक हो सकते हैं। व्यापार में धन लगाने की योजना पूरी कर पाएंगे। विदेश के कामों से लाभ होने की संभावना है।

### वृश्चिक
किसी बात को लेकर परिजनों से विवाद हो सकता है। आकस्मिक खर्च होगा। पार्टनरशिप के काम में आंतरिक मतभेद रहेंगे, फिर भी परिस्थिति अनुकूल रहेगी। आपके यश में वृद्धि होगी। व्यापार में वातावरण अनुकूल रहेगा।

### धनु
आप कोई कहानी-कविता लिखने के लिए योजना बना सकते हैं। आज किसी सामाजिक या राजनीतिक चर्चा में भाग ले सकते हैं। नौकरीपेशा लोग कुछ अच्छा काम कर पाएंगे। परिवार में आनंद का वातावरण बनेगा।

### मकर
आज आप हर मामलों में सावधान रहें। शुरुआत में धन और कीर्ति की हानि होगी, परंतु दोपहर के बाद आपका मन सृजनात्मक गतिविधियों की ओर आकर्षित होगा और प्रसन्नता का अनुभव करेगा।

### कुंभ
जीवनसाथी से आपका व्यवहार अधिक मधुरतापूर्ण होगा। मित्रों के साथ पर्यटन पर जाने का कार्यक्रम बना पाएंगे। भाइयों के साथ संबंध अच्छे रहेंगे। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। विरोधियों पर विजय प्राप्त होगी।

### मीन
अपने खर्च पर आपको संयम रखना होगा। क्रोध और वाणी पर नियंत्रण किसी से वाद-विवाद होने से बचाएगा। नकारात्मक विचार आपको परेशान कर सकते हैं। दोपहर के बाद आपके विचारों में स्थिरता दिखाई देगी।

# राज एज्यूकेशनल ग्रुप का स्कूटी वितरण व प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

## खुशबू प्रजापत ने 12वीं बोर्ड परीक्षा में 97.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर नागौर जिले में तीसरा स्थान किया था प्राप्त

दिनेश करवासड़ा





**गोटन( नागौर डेली न्यूज ) :** राज एज्यूकेशनल ग्रुप द्वारा बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों का प्रतिभा सम्मान समारोह परमहंस महंत रामप्रसाद महाराज सूरसागर बड़ा रामद्वारा, महंत गरीबबंधुदास महाराज, महंत रामप्रकाश महाराज त्यागी नोखा चांदावता के सानिध्य में आयोजित किया गया। राज एज्यूकेशनल ग्रुप की होनहार छात्रा खुशबू प्रजापत ने 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में 94.40 प्रतिशत अंक हासिल कर नागौर जिले में तीसरा स्थान प्राप्त किया।

खुशबू प्रजापत को राज एज्यूकेशनल ग्रुप द्वारा स्कूटी वितरण करके हौंसला अफजाई किया। परमहंस रामप्रसाद महाराज ने संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा वह शेरनी का दूध है जो विद्यार्थी जितना पिएगा उतना ही आगे बढ़ेगा। रामप्रसाद महाराज ने कहा कि शिक्षा बिना जीवन आगे नहीं बढ़ सकता। राज एज्यूकेशनल ग्रुप के निदेशक विजेंद्र सिंह ने कहा कि ग्रुप सदैव अच्छे परिणाम और शिक्षा में बेहतर नवाचार के लिए जाना जाता है। निदेशक राजसिंह ने कहा कि छात्रा खुशबू प्रजापत ने नागौर जिले में तीसरा स्थान प्राप्त करके विद्यालय सहित क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

# 132 बीघा गोचर अंगोर हेतु आमरण अनशन करने वाले किरपाराम राव का निधन

अ.रहमान देवड़ा



**मूण्डवा ( नागौर डेली न्यूज )।** मूण्डवा- तहसील के निकटवर्ती गाव खेण के खसरा संख्या 486 में से 132 बीघा गोचर व अंगोर तथा गांव से मूंडवा को जोड़ने वाले रास्ते की मांग के लिए एक दशक पूर्व ऐतिहासिक आंदोलन धरना व आमरण अनशन करने वालों में खेण गांव के अग्रणी व्यक्ति किरपाराम राव का शुक्रवार शाम स्वर्गवास हो गया था। राव 85 वर्ष के थे तथा लम्बे समय से बीमार चल रहे थे। गोरतलब है काफी समय पूर्व अंबुजा सीमेंट कम्पनी द्वारा खेण की 132 बीघा जमीन जो गोचर व अंगोर है उसे अवाप्त कर लिया था। ग्रामीणों ने उसे निरस्त कराने के लिए तथा गांव से मूंडवा को जोड़ने वाले रास्ते की मांग के लिये आंदोलन किया व लम्बे समय तक संघर्ष किया। ग्रामीणों द्वारा जिला मुख्यालय पर जून 2012 में धरना दिया जो लम्बे समय तक चला था। इस पर कम्पनी द्वारा गांव को रेलवे पटरी के पास पचास फीट रास्ते के लिए जगह तो दी थी लेकिन 132 बीघा जमीन नहीं छोड़ी थी। जमीन आवंटन के विरोध में ग्रामीणों ने उस वर्ष की दीपावली भी काली दिवाली के रूप में मनाई थी और कहा था जमीन गांव को मिलेगी तभी दीपक जलायेगे। सफलता नहीं मिलने पर ग्रामीणों द्वारा 17 दिसम्बर 2012 को जिला मुख्यालय पर आमरण अनशन करने का मार्ग अपनाया गया जिसमें किरपारम राव अग्रणी थे और उनके साथ छोटाराम राव, भंवरलाल, रामनिवास, लिखमाराम, घनश्याम व अन्य शामिल हुए। तत्कालीन नागौर सांसद ज्योति मिर्धा द्वारा गांव की पैरवी करने का भरोसा दिलाकर तत्कालीन नागौर कलेक्टर अशोक भंडारी, एसडीएम पुष्पा पंवार, एडीएम के एम दुडिया के साथ 23 दिसम्बर 2012 की रात में जिला मुख्यालय पर ग्रामीणों को ज्यूस पिलाकर अनशन तुडवाया तथा बाद में गांव की तरफ से तन मन धन से पैरवी कर जमीन खेण को दिलवाई। ग्रामीण बद्रीदान कविया किशनाराम ईनाणिया, हरीराम भाणु, बलदेव राम, रामनिवास, सुरजाराम, हेमाराम, रामकरण आदि ने बताया कि सन्त बारहपुरी बाबा के आशीर्वाद, गांव की एकता, राजनीतिक सहयोग, मीडिया के सहयोग, पूर्व सांसद ज्योति मिर्धा व ईनाणा ग्राम पंचायत के पूर्व सरपंच ओमप्रकाश ईनाणिया? के महत्वपूर्ण योगदान की बदोलत ही यह सफलता गांव के हाथ लगी थी।

# पुलिस ने 6 जुआरियों को पकड़ा

## जुआ राशि व ताश पत्तियां बरामद की

अबूबकर बल्खी

**लाडनूं( नागौर डेली न्यूज ) :** स्थानीय पुलिस ने जुआ-सट्टा के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करते हुए 6 जुआरियों को धरपकड़ करके उनके कब्जे से 12 हजार 300 रूपए की जुआ राशि एवं जुआ खेलने के लिए काम में ली गई ताश पत्तियों को बरामद किया है। थानाधिकारी राजेन्द्र सिंह कमांडो ने बताया कि यहां रेलवे स्टेशन रोड पर जुआ खेलने की सूचना मिलने पर शहर की गश्त पर निकले हुए पुलिस दल को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर उन्हें घेर कर छह जनों को दबोच लिया और उनके कब्जे से जुआ खेलने के लिए प्रयोग में लाए जा रहे 12300 रूपए नकद और ताश पतियां बरामद करके उन्हें गिरफ्तार किया। पकड़े गए मुलजिमानों में उमर पुत्र मो. आरिफ निवासी तेली रोड, इरफान पुत्र महबूब निवासी तेली रोड, अमीर पुत्र शौकत अली , आरिफ पुत्र युसुफ तेली रोड, आरिफ पुत्र नत्थू सांई निवासी रेलवे फाटक के पास एवं मौसिम निवासी पावर हाउस के पीछे शामिल हैं इस कार्रवाई टीम में थानाधिकारी राजेन्द्र सिंह कमांडो के नेतृत्व में एचसी गजेन्द्र सिंह, सिपाही सुरेन्द्र सिंह, बाबूलाल, रामधन साख, शुभकरण व जितेन्द्र कुमार शामिल रहे।

# वार्ड नं. 26 से 30 तक के लिए आयोजित हुआ शिविर

## साढे ग्यारह लाख रूपयों का राजस्व किया प्राप्त

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** प्रशासन शहरों के संग अभियान-2021 अन्तर्गत द्वितीय चरण में नेहरू उद्यान परिसर नगरपरिषद् कुचामनसिटी में वार्ड नं. 26, 27, 28, 29 व 30 के शिविर आयोजित किये किए। इसमें कृषि भूमि के 24 पट्टे, 69-ए के अन्तर्गत 05 पट्टे, स्टेट ग्रान्ट का 01 पट्टा, नामान्तरण के 04 प्रकरण एवं भवन निर्माण स्वीकृति के 01 प्रकरण निस्तारित किये गये। इसके अतिरिक्त 82 जन्म-मृत्यु प्रकरण निस्तारित किये गये। इस प्रकार पालिका में लगभग 11.50 लाख रूपये का राजस्व प्राप्त हुआ। शिविर में सभापति आसिफ खान, आयुक्त श्रवणराम, उपसभापति हेमराज चांवला, सम्बन्धित वार्ड पार्षद फारूख कलाल, अयुब तेली, सुरेश सिखवाल, भागीरथ कुमावत, नरसीराम, फूलचन्द, इकराम भाटी, अयुब शेख, अब्दुल फैशल, बुन्दू अली, मनोनीत पार्षद कानाराम बुनकर, दीनदयाल कुमावत एवं आरीफ खान, अन्य पार्षदगण तथा शिविर प्रभारी राजेन्द्र रेवाड ., कनिष्ठ लेखाकार ललित कुमार सहायक अभियंता के साथ पालिका कार्मिक रफीक अहमद, कनवरलाल, महावीर प्रसाद कुमावत, अक्षय प्रजापति, पवन शर्मा, आशिष दाधीच आदि उपस्थित रहे।

# मूण्डवा में चल रहे कौशल विकास शिविर का हुआ समापन

अ.रहमान देवड़ा

**मूण्डवा( नागौर डेली न्यूज )।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय नागौर के तत्वाधान में श्री वागीश्वरी विद्या मन्दिर मूण्डवा मे स्थानीय मारवाड़ मुण्डवा द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन कौशल विकास शिविर का समापन समारोह पेमाराम चौधरी तहसीलदार मूण्डवा के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम के की अध्यक्षता सीडीईओ राजेंद्र शर्मा ने की। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि सीओ स्काउट गाइड असपाक पंवार, सीबीईओ मूण्डवा सीताराम निर्मल, नगर पालिका मूंडवा चेयरमैन प्रतिनिधि सुभाष कंदोई, किसान संघ के महामंत्री लक्ष्मीनारायण मुंडेल, पार्षद दिलीप सेन, जिला ट्रेनर भागचंद तिवाड़ी रहे। चौधरी ने अपने मुख्य अतिथि उद्बोधन में कहा कि कोविड के बाद शैक्षिक गतिविधियों के साथ सह शैक्षिक गतिविधियां भी एक प्रकार से बंद हो गई थी। इस प्रकार के शिविरों के माध्यम से राजस्थान राज्य भारतीय स्काउट गाइड के द्वारा विभिन्न गतिविधियों को पुनः शुरू करके बालकों में छिपी प्रतिभाओं को आसानी से प्रदर्शित करने का मौका दिया है। ऐसे शिविरों का माध्यम से बालक अपनी अभिरुचि का प्रदर्शन कर अपनी योग्यता को दिखा सकता है। अध्यक्षीय उद्बोधन में सीडीईओ राजेंद्र शर्मा ने बताया कि स्काउट का मोटो तैयार रहना। कार्यक्रम का मंच संचालन हरिओम तिवारी ने किया इस दौरान प्रशिक्षक राधाकिशन सेवर, धर्माराम कड़वासर, संतोष, ज्योति, बस्तीराम, ताराचंद बड़ौला, पवन, सुरेश, श्रवण, हुक्मीचंद, धर्मेंद्र रांकावत, रामेश्वर, उपस्थित रहे।

# जयपुर एयरपोर्ट पर साढ़े 6 लाख की सिगरेट छोड़ गया यात्री

जयपुर।

जयपुर एयरपोर्ट पर कस्टम विभाग ने गुरुवार सुबह कार्रवाई करते हुए दो ट्रॉली बैग से साढ़े 6 लाख रुपए की सिगरेट बरामद की है। इससे पहले एयरपोर्ट पर पहुंचने पर जब कस्टम विभाग को चैकिंग करते हुए देखा तो युवक ट्रॉली बैग वहीं छोड़ कर भाग गया।

# मानसिक स्वास्थ्य व तनाव को रोकने के लिए व्यायाम जरूरी : शिवजीराम



## आरटीएस अधिकारी ने व्यायामशाला का अवलोकन

जुगल किशोर

**हरसौर( नागौर डेली न्यूज ) :** कस्बे में पहुँचे 2013 बैच के आरटीएस अधिकारी शिवजीराम ने व्यायामशाला का अवलोकन किया। पूर्व सरपंच पुखराज चौकीदार ने उन्हें व्यायामशाला का अवलोकन करवा वहाँ उपयोग होने वाली सामग्रियों की गुणवत्ता के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर आरटीएस अधिकारी शिवजीराम ने कहा कि लगातार और नियमित शारीरिक व्यायाम, प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ा देता है तथा रोगों को रोकने में मदद करता है। यह मानसिक स्वास्थ्य को सुधारता है और तनाव को रोकने में मदद करता है। मनुष्य के जीवन में व्यायाम का महत्व कितना है। यह बात शायद हम से काफी लोग भूल गए लगता हैं। इस व्यस्त दुनिया में इंसान के पास न तो अपने लिए समय है और दूसरों के लिए तो भूल ही जाइए। स्कूल जाने वाले बच्चों को जहाँ जितनी पढ़ाई के महत्व के बारे में ज्यादा बताया जाता है, उन्हें उतना अपनी सेहत के बारे में कम बताया जाता है। पिछले कुछ वर्षों से यह देखा गया है छोटे-छोटे बच्चों के हाथ में मोबाइल, टेबलेट हैं। जहाँ इन बच्चों को पार्क में जाकर खेलना, व्यायाम करना चाहिए, वह अपने स्मार्टफोन में व्यस्त हैं। युवा और बड़ों का भी ऐसा ही हाल है। हमें अपनी लाइफस्टाइल को बदलना ही होगा। व्यायाम का महत्व ऐसे में सबको समझना चाहिए। इस अवसर पर पूर्व सरपंच पुखराज चौकीदार, हेमराज, सुरेंद्र, ईश्वर, पन्नालाल, दुर्गेश, दिनेश, आकाश, कंवरपाल, हुसैन, कुलदीप, मनीष, सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# डीडवाना के गुलाम बनी बने ऑल इंडिया सूफी सज्जादा नशीन काउंसिल के मीडिया प्रवक्ता

## पत्रकार गुलाम नबी को मिली जिम्मेदारी

सद्दाम रंगरेज



**नागौर( नागौर डेली न्यूज ) :** प्रसिद्ध ख्वाजा गरीब नवाज दरगाह के सज्जादा नशीन और ऑल इंडिया सूफी सज्जादा नशीन काउंसिल के अध्यक्ष सैयद नसरुद्दीन चिश्ती ने डीडवाना के वरिष्ठ पत्रकार गुलाम नबी आजाद को काउंसिल का अधिकृत मीडिया प्रवक्ता मनोनीत किया है। सैयद नसरुद्दीन ने पत्रकार गुलाम नबी आजाद को काउंसिल के विभिन्न शहरों में होने वाले सूफिज्म और धार्मिक सम्मेलनों की सूचना और कवरेज मीडिया के विभिन्न संस्थानों तक पहुंचाकर काउंसिल द्वारा दिए जाने वाले भाईचारा, अमन और शांति के संदेश को आमजन तक पहुंचाने को कहा है। गौरतलब है कि डीडवाना निवासी गुलाम नबी आजाद लंबे समय से ख्वाजा गरीब नवाज की दरगाह और ऑल इंडिया सूफी सज्जादा नशीन काउंसिल से जुड़े रहे हैं। वे पिछले 6 सालों से पत्रकारिता के क्षेत्र में लगातार सक्रिय हैं। आजाद वर्तमान में नवतेज टीवी के नागौर जिला ब्यूरो प्रमुख की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं व पंचायत टीवी नागौर, नवोदय टीवी की वर्तमान में जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। इसके अलावा वे आईबीए न्यूज, नेशन न्यूज़ और दैनिक महका संसार में भी कार्य कर चुके हैं। गुलाम नबी को यह जिम्मेदारी मिलने पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष तस्लीम आरिफ मुन्ना, पत्रकार जहीर अब्बास उसमानी, पत्रकार मयूर गांधी, पत्रकार इकराम अशरफी, बसीर खान मलवान, इरफान फौजी, इमरान टाइगर, कयूम खान, रुस्तम खा मास्टर जी, बाबू खा, यूसुफ भानु, यूनुस मंत्री, हुसैन खा पेलवान, रमजान खा मास्टर, यूसुफ सैट, इमरान सौदागर, अकरम, अयूब,राजू राम, परवेज मोती, इमरान खाटू, हारून, सीकू, इरफान, रजाक, अमीर, सोनू मलवाण, आरिफ मलवान, फैयाज, सोनू, मोनू, अनेक लोगों ने खुशी जताई है।

# मकराना में संचालित तीनों इंदिरा रसोई पर लगे हैं ताले

## पार्षद ने इंदिरा रसोइयों को संचालित कराने को लेकर कलेक्टर को लिखा पत्र


शौकत खान




**मकराना( नागौर डेली न्यूज )।** मकराना नगर परिषद क्षेत्र में राज्य सरकार की महत्वकांक्षी योजना के तहत तीन इंदिरा रसोई खोली गई थी, जो इन दिनों नगर परिषद की उदासीनता के कारण बंद पड़ी है। राजस्थान सरकार के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की मंशा है कि राजस्थान का कोई भी व्यक्ति भूखा ना रहे, जिस को लेकर हर शहर व कस्बे में इंदिरा रसोई संचालित की गई है और प्रत्येक व्यक्ति को एक टाइम का खाना 8 रुपए में मिल रहा है। लेकिन मकराना में पिछले कुछ महीनों से नगर परिषद की उदासीनता के कारण तीनों इंदिरा रसोई बंद पड़ी हुई है। ऐसे में सरकार की महत्वकांक्षी योजना का लाभ यहां की जनता को नहीं मिल पा रहा है। जिसको लेकर नगर परिषद मकराना के वार्ड संख्या 39 के पार्षद मोहम्मद इरशाद गैसावत ने नागौर जिला कलेक्टर को एक पत्र लिखा है और उस के माध्यम सभी बंद पड़ी इंदिरा रसोइयों को पुनः संचालित करवाने की मांग की है। पार्षद ने अवगत कराया कि राज्य सरकार द्वारा संचालित इंदिरा रसोई का लाभ मकराना की जनता को नहीं मिल रहा है। मकराना शहर में गरीब, मजदूर, भिखारी आदि तबके के लोग अधिक मात्रा में निवास करते हैं। जिससे उनको इंदिरा रसोई का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इसके अलावा कम खर्चे में अच्छा खाना भी शहर में नहीं मिल रहा है। पत्र के माध्यम से उन्होंने बंद पड़ी इंदिरा रसोइयों को संचालित कराने की मांग की है साथ ही उन्होंने शहर में एक-दो और इंदिरा रसोई खोलने की मांग की है। हालांकि कुछ दिनों पूर्व बस स्टैंड के पास स्थित एक इंदिरा रसोई को नगर परिषद में घोटाले की आशंका के चलते बंद करने के आदेश जारी किए गए हैं, जिसके चलते वह इंदिरा रसोई भी बंद है। जबकि घाटी चौराहे तथा नगर परिषद के पास स्थित रैन बसेरे में भी एक-एक इंदिरा रसोई संचालित हो रखी थी, जो भी बिना किसी कारण के ही बंद पड़ी हुई है।

ऐसे में साफ जाहिर होता है कि नगर परिषद द्वारा इंदिरा रसोई संचालित करने में उदासीनता बरती जा रही है। इस संबंध में नगर परिषद के आयुक्त से बात करने को लेकर प्रयास किया गया, लेकिन ना तो वे कार्यालय में मिले और ना ही उन्होंने फोन उठाकर जवाब दिया।

# नावां के शहीद भगतसिंह कॉलेज में प्रतिभावों का कराया मुंह मीठा



हितेश रारा

**नावांसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** शहर के सीकर रोड स्थित शहीद भगत सिंह कॉलेज ऑफ नर्सिंग का चतुर्थ वर्ष परिणाम शत प्रतिशत रहा। संस्था के प्रशासक अनिल कुमार गौड़ ने कहा कि शिक्षकों के उचित मार्गदर्शन से ही सफलता मिलती है। प्राचार्य डॉ. अभिषेक कुमार जोशी ने परीक्षा में पास हुए विद्यार्थियों का माल्यार्पण व मुंह मीठा करवाकर शुभकामनाएं दी और बताया कि राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय जयपुर द्वारा घोषित बीएससी नर्सिंग चतुर्थ वर्ष के परिणाम में उर्मिला मीणा 88.85 प्रतिशत के साथ परीक्षा केंद्र कॉलेज टॉप किया तथा लाला राम ने 85 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान पर रहे। इस मौके पर संस्था के अध्यापक मयंक सिंह, रोहित सिंह, रामनिवास, महावीर प्रसाद, राकेश रांकावत, अब्दुल कादिर, रामू राम, संदीप कुमार तथा आशुतोष दाधीच मौजूद रहे।

# सरकार जब तक अग्निपथ योजना को वापस नहीं लेगी तब तक आन्दोलन रहेगा जारी : बेनीवाल



शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के संस्थापक व नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल गुरुवार डेगाना के दौरे पर रहे।

इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार की संविदा रूस के तहत अग्निपथ भर्ती के विरोध में डेगाना के तहसील कार्यालय के सामने बोलते हुए कहा कि जब तक केंद्र सरकार इस रूल्स को वापस नहीं लेगी तब तक आंदोलन जारी रहेगा। केंद्र सरकार लगातार युवाओं के साथ रोजगार को लेकर खिलवाड़ कर रही है और नई-नई योजना लाकर युवाओं को बेरोजगारी की ओर धकेल रही है। इस अवसर पर राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के संयोजक व नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल, मेड़ता विधायक इंदिरा बावरी, अशोक टांडी, सुरेंद्र बेनीवाल, आशीष बेनीवाल सहित राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के कार्यकर्ता व डेगाना के सैकड़ों युवाओं ने विरोध प्रदर्शन में भाग लिया।

# राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेलकूद प्रतियोगिता के आयोजन से पूर्व प्रचार-प्रसार के लिए निकाली ओलंपिक मशाल रथ यात्रा




## मूण्डवा पंचायत समिति में मशाल यात्रा का स्वागत कर मशाल जलाकर ओलंपिक ग्रामीण खेल का किया आगाज

अ.रहमान देवड़ा

**मूण्डवा( नागौर डेली न्यूज )।** राजस्थान सरकार द्वारा अगस्त में होने वाले राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेल कूद प्रतियोगिता के आयोजन से पूर्व प्रचार प्रसार जनजागृति एवं वातावरण निर्माण के लिए ओलंपिक मशाल रथ यात्रा निकाली जा रही है। गुरुवार को नागौर जिले में मशाल यात्रा ने प्रवेश किया। सबसे पहले जिले के भेरूंदा पंचायत समिति से नागौर जिले में प्रवेश किया। इसके बाद मेड़ता सिटी होते हुए यात्रा मुंडवा पंचायत समिति पहुंची। जहां पंचायत समिति के प्रधान प्रतिनिधि रेवंतराम डांगा, तहसीलदार पेमाराम चौधरी, सुभाष कंदोई, विकास अधिकारी मनवीरसिंह बेनीवाल, अधिशासी अधिकारी सुनील चौधरी, सीबीईओ निर्मल सीतारमण, नर्सिंग इनानियां, ने मशाल यात्रा का स्वागत कर मशाल जलाकर ओलंपिक ग्रामीण खेल का आगाज किया। जिला खेल अधिकारी भंवर राम सियाग बताया कि होने वाले ग्रामीण ओलंपिक खेल से कई प्रतिभाओं को आगे आने का अवसर प्राप्त होगा इस प्रतियोगिता से गांवो में से प्रतिभाएं निखरकर आएगी। रेवंत राम डांगा ने होने वाले ग्रामीण ओलंपिक की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए सरकार की इस योजना की सराहना की। इस दौरान जिला खेल अधिकारी भंवरराम सियाग, राज्य कुश्ती संघ के उपाध्यक्ष हरलाल डूकिया, नागौर जिला खो-खो संघ के सचिव रमेश पोटलिया, गजेन्द्र गेपाला, दिनेश मुंडेल, प्रधानाचार्य अनूप शेखावत, कब्बड़ी खिलाड़ी हुकमीचंद, जितेंद्र रामावत आदि मौजूद रहे।




## पूर्व जिला न्यायाधीश बारुपाल ने किया मार्डन तालाब का अवलोकन



श्यामसुन्दर प्रजापत

**मीठड़ी( नागौर डेली न्यूज ) :** मीठड़ी में बाईपास हाईवे पर स्थित केरिया बालाजी मंदिर के पास स्थित केरिया परिसर में स्मृति वन के रुप में हरा भरा तालाब अभियान के तहत मार्डन तालाब विकसित किया जा रहा है। एक जून से एक फिर मनरेगा के तहत कार्य शुरु किया गया। वही महिला श्रमिको के लिए पानी व छाया की उचित व्यवस्थाए भी की गई। भीषण गर्मी को देखते समय में बदलाव किया गया है। आज भामाशाह व पूर्व जिला न्यायाधीश उदयचंद बारुपाल व उदय कौशल फाउंडेशन के ट्रस्टीगणो ने मार्डन तालाब का अवलोकन किया। साथ ही गत दिनो हुई बारीश से तालाब में पानी की आवक पर प्रसन्नता जाहिर की। वही तालाब परिसर में लगे सैकड़ौ पौधो का निरीक्षण किया। इन दिनो चल रहे मनरेगा कार्य का भी अवलोकन किया। कार्य स्थल पर माकूल व्यवस्थाओ पर प्रसन्नता व्यक्त की। इस दौरान पूर्व जिला न्यायाधीश उदयचंद बारुपाल, विकास समिति अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह राठौड, पूर्व सरपंच लोकेन्द्र सिंह, सरपंच कैलादेवी बावरी,वार्ड पंच प्रेमसुख योगी, मदनलाल बारुपाल, जीतू बारुपाल सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

## अच्छी बारिश के बाद किसानों ने किया खेतों का रूख



शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** डेगाना सहित ग्रामीण क्षेत्रों में पिछले दिनों हुई प्री मानसून की जमकर बारिश के बाद किसानों ने खेतों की ओर रूख किया है। इससे खेतों में चहल-पहल दिखाई देने लगी है। किसान संपत कसवां ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्री मानसून की बारिश के बाद किसानों ने खेतों की ओर रूख कर लिया है। इससे खेतों में दिनभर चारो तरफ ट्रैक्टरों से किसानों ने खेतों में बुवाई के लिए काम शुरू कर दिया है। बताया कि प्री मानसून की अच्छी बारिश होने से अभी से ही किसानों ने बुवाई का कार्य शुरू कर दिया है। अभी शुरू में बाजरे की बुवाई लोगों ने शुरू कर दी है। इस बार अच्छी बारिश व जमाना भी अच्छा होने का संकेत है।

## कैम्प में खाद्य सुरक्षा रजिस्ट्रेशन कराने व लाईसेंस लेने उमड़े दुकानदार

**डेगाना में खाद्य सुरक्षा विभाग नागोर ने लगाया एक दिवसीय केम्प**

शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** डेगाना के माहेश्वरी भवन में गुरूवार को व्यापार मंडल डेगाना के सहयोग से खाद्य सुरक्षा विभाग नागौर की ओर एक दिवसीय केम्प लगाया गया, जिसमें खाद्य सामग्री बेचने वाले दुकानदारों का केम्प में रजिस्ट्रेशन कर उन्हें लाईसेंस जारी किये। खाद्य निरीक्षक राजेश जागीड़ ने इसकी जानकारी देकर बताया कि नागोर के मुख्य चिकित्सा एंव स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मेहराम महिया के निर्देशन में गुरूवार को व्यापार संघ डेगाना के सहयोग माहेश्वरी भवन में केम्प शिविर लगाया, जिसमें खाने पीने का सामान बेचने वाले सभी प्रकार के दुकानदार ओर चाय पान की थड़ी लगाने वाले दुकानदारों का रजिस्ट्रेशन कर उन्हें खाद्य सामग्री बेचने के लिए लाईसेंस जारी किये। निरीक्षक जागीड़ मे बताया कि इस केम्प में 139 छोटे बड़े दुकानदारों ने रजिस्ट्रेशन के लिए आवेदन किया जिनमें से 135 का हाथों-हाथ रजिस्ट्रेशन किया। इससे विभाग को 63 हजर 700 रूपयों की आय भी प्राप्त हुई। इसी प्रकार से इस एक दिवसीय शिविर में 21 दुकानदारों के आवेदनों की जांच करने के बाद लाईसेंस जारी किया। इससे विभाग को एक लाख 58 हजार की आय प्राप्त की गई। इस प्रकार से इस शिविर में कुल 160 आवेदन आये जिसमे 156 दुकानदारों को मौके पर ही रजिस्ट्रेशन कर लाईसेंस जारी किया गया। खाद्य निरीक्षक जागीड ने बताया की खाने पीने से संबधित सभी प्रकार की सामग्री बेचने वालों को खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत लाईसेंस लेना जरूरी है। इसके लिए शेष रहे दुकानदार अपना आवेदन नागोर कार्यालय मे जमा करवा कर लाईसेंस प्राप्त कर सकते है। भविष्य मे निरीक्षण के दौरान बिना लाईसेंस खाद्य सामग्री बेचते पाये जाने वाले के खिलाफ कानून कार्रवाही की जा सकती। इस अवसर पर सुनिल तोषनीवाल, दुर्गाप्रसाद लड्ढा, विजय कुमार कालिया,राधेश्याम करवा, प्रवीण तोषनीवाल, सतीष बजाज, छोटूराम सिंवर, बेनिगोपाल शर्मा सहित शहर के व्यापारी मोजूद रहे।

# नवनिर्वाचित लायंस क्लब कुचामन फोर्ट अध्यक्ष द्वारका प्रसाद कुमावत का विभिन्न संगठनों ने किया स्वागत

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** नवनिर्वाचित लायंस क्लब कुचामन फोर्ट अध्यक्ष लॉयन द्वारका प्रसाद कुमावत का श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना नावां विधानसभा क्षेत्र परिवार व ठाकुर शिवमनोहर सिंह चौहान (कोतवाल साहब) मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट कुचामनसिटी तथा शिवसेना परिवार द्वारा माला, दुपट्टा एवं साफा पहनाकर अपने कार्यालय में स्वागत किया गया। कुमावत ने बताया कि लायंस क्लब कुचामन फोर्ट मानव सेवार्थ कार्यों में हमेशा अग्रणी रहा है और आगे भी सकारात्मक ऊर्जा के साथ सेवा के कार्य लायंस क्लब कुचामन फोर्ट करता रहेगा। अभिनंदन के इस अवसर पर शिव सेना जिला अध्यक्ष जयसिंह चौहान, राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना अध्यक्ष मनजीत सिंह पुण्डलोता, एडवोकेट दिनेश सिंह बरवाली, हेम सिंह राठौड़, सुरेंद्र सिंह अडानी, भवानी सिंह राव, उमेश वर्मा, वैनीगोपाल शर्मा, श्याम सिंह शेखावत, गौतम सिंह चीराणा, अकरम खान, हेमंतपाल सिंह गुड्डा, पवन व्यास मकराना, कमलेश कुमावत ने नवनिर्वाचित कुमावत का अभिनंदन किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना नावां विधानसभा अध्यक्ष देवी सिंह चौहान ने कहा कि कुमावत नि:संदेह सेवाभावी ऊर्जावान व्यक्तित्व का धनी है। इसी सेवा कार्य भावना के कारण इन्हें अध्यक्ष निर्वाचित किया गया है।



# नागौर जिला कारागृह में बंदियों के लिए साक्षरता कक्षा का शुभारंभ

सद्दाम रंगरेज

**नागौर( नागौर डेली न्यूज ) :** जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण तरफ से नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत यहां जिला कारागृह में बंदियों के लिए साक्षरता कक्षा का शुभारंभ गुरुवार को जेल परिसर में किया गया। इस अवसर पर जिला साक्षरता प्रभारी चंपालाल कुमावत ने नव भारत साक्षरता कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कारागृह में निरुद्ध विचाराधीन बंदियों में से असाक्षर अथवा कम पढ़े लिखे लोगों को साक्षरता कक्षाओं में नियमित भाग लेकर इसका भरपूर लाभ लेने हेतु प्रोत्साहित किया।

कुमावत ने कहा कि अब इन कक्षाओं का संचालन बंदियों में से ही स्वयंसेवियों द्वारा किया जाएगा। इन कक्षाओं में वित्तीय साक्षरता, डिजिटल साक्षरता, आपदा प्रबंधन आदि अनेक विषयों के साथ-साथ विधिक साक्षरता की भी जानकारी जाएगी जो इनके लिए अत्यधिक लाभकारी सिद्ध होगी। इस कार्यक्रम में शिक्षा, कारागृह, पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने भाग लेकर बंदियों को साक्षरता के लिए प्रेरित किया। इस दौरान बंदियों को पुस्तकों का भी वितरण किया गया। सीबीईओ अनीता बागड़ी ने बंदियों को संबोधित करते हुए सारी परेशानियां भूल कर आनंद से समय बिताने के लिए साक्षरता कक्षाओं से जुड़कर इनका भरपूर लाभ लेने हेतु प्रेरित किया। जिला कारागृह के उपाधीक्षक राजवेद्र सिंह ने औपचारिकता से दूर रहकर गंभीरता से साक्षरता कक्षाओं में भाग लेते हुए इसका लाभ लेने हेतु सभी बंदियों को शपथ दिलाई। अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ललित कुमार शर्मा ने कारागृह प्रशासन का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बंदियों के लिए इन कक्षाओं के नियमित आयोजन एवं सफलता हेतु यथासंभव प्रयास करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। समसा के संदर्भ व्यक्ति लक्ष्मण शर्मा ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए बताया कि साक्षरता कक्षाओं में नियमित रूप से भाग लेकर वे सकारात्मक वातावरण में रहते हुए चिंता, हताशा इत्यादि से बचेंगे तथा आगामी भावी जीवन को उज्ज्वल एवं उपयोगी बनाने में सहायता मिलेगी।

गौरतलब है कि राज्य सरकार द्वारा निरुद्ध बंदियों को समाज की मुख्य धारा में पुनर्स्थापित करने एवं रिहा होने के उपरांत आर्थिक रूप से सक्षम होकर सम्मानपूर्वक जीविकोपार्जन करने के उद्देश्य से कई प्रयास किए जा रहे हैं जिनमें इन बंदियों के लिए बुनियादी साक्षरता व संख्या ज्ञान, उच्च शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा, महत्त्वपूर्ण जीवन कौशल विकास आदि कार्यक्रम सम्मिलित हैं।




## राठौड़ ने सिल्वर व बुगालिया ने ब्रोंज मेडल प्राप्त कर किया शिक्षा नगरी का नाम रोशन



**प्रदेश स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में कुचामन के रॉयल ईगल स्पोर्ट्स एकेडमी ने दिखाया दमखम**

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** 18 से 21 जून तक चतुर्थ राज्य स्तरीय पुरुष जूनियर व पंचम महिला जूनियर बॉक्सिंग चैंपियनशिप का आयोजन चूरू जिले के सादुलपुर शहर में आयोजित हुआ। इस प्रतियोगिता में नागौर जिले की बॉक्सिंग टीम ने भी भाग लेकर अपना दमखम दिखाया। शहर के बूडसू रोड स्थित रॉयल ईगल स्पोर्ट्स एकेडमी के संचालक विक्रम सिंह राठौड़ ने बताया कि नागौर जिले की बॉक्सिंग टीम में कुचामन शहर में स्थित रॉयल ईगल स्पोर्ट्स अकेडमी के 5 बच्चों ने प्रतियोगिता में भाग लिया था और दो बच्चों ने इस प्रतियोगिता में मेडल प्राप्त किया है।

इस प्रतियोगिता में एकेडमी के गौरव राज सिंह राठौड़ को सिल्वर मेडल और रोहित बुगालिया को ब्रोंज मेडल प्राप्त हुआ है। प्रतियोगिता के समापन समारोह में राजस्थान स्टेट स्पोर्ट्स काउंसिल की अध्यक्ष कृष्णा पूनिया मुख्य आतिथ्य में हुआ। कुचामन शहर के इन दोनों बच्चों ने पूरे राजस्थान में नागौर जिले का नाम रोशन किया है। इस खुशी के मौके पर रॉयल इगल स्पोर्ट्स अकेडमी में बॉक्सिंग के खिलाड़ियों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में डॉक्टर प्रेम प्रकाश चौधरी, आनंद नेहरा, कमल बुगालिया, बेगाराम कुकणा, प्रदीप गोदारा, पुनीत चंदेलिया, सीए आशीष जैन, सरस्वती सोहु उपस्थित रहे।

## सेन समाज का डेगाना में जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह 25 जून को



शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** सेन समाज का चतुर्थ जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह राष्ट्रीय नाई महासभा जिला नागौर के तत्वधान में 25 जून को डेगाना के दुर्गा मैरिज गार्डन में आयोजित किया जायेगा।

जिला स्तरीय समारोह की तैयारियों को लेकर राष्ट्रीय नाई महासभा के राष्ट्रीय सचिव आत्मप्रकाश नाई, जिला अध्यक्ष कन्हैया लाल सेन नूदंड़ा, जिला प्रधान महासचिव रामदेव सेन मकराना, तहसील अध्यक्ष प्रेमपाल सेन, जिला उपाध्यक्ष हरिराम सेन, मुलचंद सैन , भावेश सेन, ललित सेन ने समारोह स्थल का जायजा लिया और कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया। इस दौरान कार्यक्रम संयोजक हरिराम सेन ने बताया कि सेन समाज के इस कार्यक्रम में जिले भर की प्रतिभाओं का सम्मान करने के साथ समाज के विकास हेतु चिंतन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में प्रदेश के सेन समाज के गणमान्य लोग भाग लेंगे।

## ओलम्पिक खेलों के आयोजन से पूर्व किया आमजन को जागरूक

**रियांबड़ी व भेरुन्दा पंचायत समिति परिसर में हुआ मशाल रैली आगाज**

इलियास खान

**रियांबड़ी( नागौर डेली न्यूज़ ) :** पंचायत समिति परिसर में राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेलकूद प्रतियोगिता के आयोजन से पूर्व प्रचार-प्रसार जनजागृति एवं वातावरण निर्माण के लिए ओलंपिक मशाल रथ पर पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की प्रतिमा पर मशाल जलाकर गुरुवार को उपखंड अधिकारी गौरीशंकर शर्मा सहित किसान जिलाध्यक्ष व रियांबड़ी प्रधान प्रतिनिधि मदनराम गोरा व विकास अधिकारी भागीरथ सिंह राठौड़ सहित सरपंच गिरधारी लाल सैनी के सानिध्य में हरी झंडी दिखाकर दल को रवाना किया। इससे पूर्व टीम ने जिले में भ्रमण के लिए भेरूंदा पंचायत समिति से नागौर जिले में प्रवेश किया। मशाल रैली का नागौर जिले में पंचायत समिति भेरूंदा में प्रवेश किया गया, जिसमें भेरुन्दा पंचायत समिति प्रधान जसवंत सिंह, विकास अधिकारी हुकमाराम माली ने मशाल जलाकर रवाना किया। इस अवसर पर रियांबड़ी टीम में लेखाधिकारी बसन्त डामोर, ओमप्रकाश जयपाल, दयाराम गुर्जर, ग्राम विकास अधिकारी संदीप चौधरी , प्रभारी रामकिशोर शामिल रहे । इसी प्रकार भेरुन्दा टीम में जिला खेल अधिकारी भंवर राम सियाग , राज्य कुश्ती संघ के उपाध्यक्ष हरलाल डूकिया नागौर जिला खो-खो संघ के सचिव रमेश पोटलिया व नागौर जिला खेलकूद प्रशिक्षक व सरपंच गण मौजूद रहे। खेलकूद प्रशिक्षण केंद्र नागौर से प्रशिक्षक के रूप में आरिफ खान व दिनेश कुमार चौधरी ने मार्गदर्शन किया।



# माता रानी के दरबार में 30 जून से 8 जुलाई तक होंगे विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम

**भोपा का बास स्थित 300 वर्ष पुराने माता रानी मंदिर के जीणोद्वार के कार्यक्रमों की बनाई रूपरेखा**

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** शहर के भोपा का बास स्थित 300 वर्ष पुराने माता रानी मंदिर के नवीनीकरण जीणोद्वार के कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाने के लिए माता रानी के दरबार में 30 जून से 8 जुलाई तक होने वाले कार्यक्रमों के बारे मे विचार विमर्श के लिये माता रानी के दरबार में मीटिंग आयोजित की गई, जिसमें माता रानी के भक्तों को कलश यात्रा हवन एवं मंगल पाठ पूर्णाहुति प्रसादी कार्यक्रम के आयोजन के लिए अवगत कराया गया। हवन में बैठने वाले प्रत्येक जोड़े को 5100 रुपए की रसीद 26 जून तक कटवाकर अपना नाम दर्ज करवाना होगा। 26 जून को माता रानी के शिखर पर ध्वज क्लश जिसके हाथों से विराजमान किया जाएगा। 9 दिन पूजा पाठ में बैठने के लिए बोली लगेगी। जगदंबा नवयुवक मंडल सेवा समिति के संयोजक राजकुमार फौजी ने आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं से निवेदन किया।



भोपा का बास विकास समिति के अध्यक्ष सुवालाल मारोठिया, कोषाध्यक्ष बन्नालाल कुसमीवाल, महामंत्री गोपाल कुसमिवाल, संगठन मंत्री गोविंद मारोठिया, राजेश कुसमीवाल, राजेश सेवदा, कल्याण कुसमीवाल, जगदीश मारोठिया, गोपाल, प्रभु कुसमीवाल, पार्षद तुलसीराम, गोपाल नागा, किशन नागा, लालाराम कुसमिवाल, शिवराम भोभरिया, रतन भोभरिया, गोरधन जारवाल, सीताराम जालवाल, गोपाल मरेठिया, ताराचन्द्र कुसमिवाल, धन्नाराम धुमाणिया, सुरेश कुणन मारोठिया एवं जगदम्बा नवयुवक मंडल सेवा समिति के सदस्य मोजूद थे।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एंव संपादक सद्दाम द्वारा नेशनल प्रिंटर्स, लोहा मंडी, डीडवाना से मुद्रित तथा घाटी कुआँ, छीपा मोहल्ला, कुचामनसिटी, जिला नागौर (राज.) से प्रकाशित। मोबाइल नम्बर 7737211664 Email-nagaurdaily0@gmail.com